# Terms of Reference

# Principal Team Lead – Information Technology Division (Technical), NHSRC

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system.

National Health Mission aims to establish a self-reliant, community-owned and decentralized public health system. Since its inception, the programmatic components of NHM have evolved in significant ways to achieve the broader goal of universal access to equitable, affordable and quality health care services, accountable and responsive to people's needs.

Work at NHSRC is organized around eight technical divisions namely Community Processes/ Comprehensive Primary Health Care, Human Resources for Health/ Health Policy and Integrated Planning, Healthcare Technology, Healthcare Financing, Knowledge Management Division, Public Health Administration and Quality and Patient Safety Division & IT Division

Ayushman Bharat, the flagship program of the Government of India was launched in the year 2018, to strengthen the existing health systems. It is a landmark initiative to move from a sectoral and segmented approach of health service delivery to a comprehensive range of health care services. Ayushman Bharat aims to undertake path-breaking interventions to holistically address health (covering prevention, promotion and ambulatory care), at primary, secondary and tertiary level. Under Ayushman Bharat, to deliver Comprehensive Primary Health Care with Continuum of Care, closer to people's home, 1,50,000 health facilities of primary Health Centre and Sub-Health Centre are being upgraded as Ayushman Bharat – Health and Wellness Centers (AB-HWCs).

Through Ayushman Bharat. The Government of India has taken steps to lay the foundation of a 21st century health system. With the launch of various health programs, there is also an unmet need of developing a comprehensive IT system with appropriate architecture and data structures that are pan-India. With the current system of fragmented data capture by multiple stakeholders without any standardization, there is a serious risk of compartmentalization of digital health assets. Additionally, all divisions have also undertaken many IT based initiatives for providing technical support to the programmes as per requirement of Ministry of Health & Family Welfare.

NHSRC is looking to hire an Principal Team Lead – Information Technology Division (Technical), who will be responsible for leading the IT Division and ensuring quality and timely deliverables. The position reports to the Executive Director, NHSRC and is on Contractual basis.

**Roles & Responsibilities:**

1. Enhancing the efficiency of NHM initiatives by using relevant IT solutions for – Community Processes, Comprehensive Primary Health care, Mera Aspataal application, Gunak, NQAS, LaQshya certification, HRIS, HRH, Indian Public Health Standards, DVDMS, Free Drugs initiative etc. and any other software if introduce in NHM or NHSRC .

2. Working towards operationalizing the under-developed applications like E-Supportive supervision, GRS and Health Helpline, etc.
3. Driving the process of defining, developing and roll-out of additional software requirements for IT applications, portals for NHM initiatives in collaboration with subject experts and program divisions.
4. Liaising with different programs and program partners work in conjunction with different programme divisions of MoH&FW on their IT Projects.
5. Supporting development of Common Registry for Facilities, Service Providers and Frontline Workers.
6. Reviewing existing applications across different programs and developing a mechanism for integration and data sharing in collaboration with NIC and MIS division of MoHF&W.
7. Generating comprehensive analytics that is timely and useful for policy makers and program managers at National and State level.
8. Recommending mechanisms for effective use of data for planning, service delivery and disease surveillance.
9. Supporting states in establishing the State level data center.
10. Designing strategies, planning, and ensuring delivery with quality and performance as per plan.
11. Managing IT Division Team.
12. Managing resources, budget for smooth and quality operations.
13. Managing stakeholders, coordinating with partners, reporting and communications.
14. Identification and mobilization of IT resources for above mentioned task.
15. Any other task as per requirement.

**Qualification & Experience (Regular Degree Full time Degree):**

Essential:

Bachelor of Technology (B.Tech) in Information Technology / Computer Science / Electronics /B.Sc. IT /BCA along with M.Tech /MSc. in Computer Science / Information Technology / Electronics/ Master of Computer Applications (MCA)/ Master of Business Administration (MBA) in Information Technology / Systems (2 Years Full time Degree)/ Full-time MBA (2 Years Full time Degree)

**Experience**: Minimum 15 Years of post-qualification experience in Software Development, IT Systems & networking.

**Desirable:**

(i) Prior experience in Health Informatics shall be preferred.

(ii) Prior experience in Public Health projects shall be preferred.

(iii) 10+ years of experience in managing team sizes of 50 and above.

(iv) Proven track record of leading development of software products and execution of large-scale projects.

**Deputation:**

Government Officials willing to come on deputation can also apply for the post of Principal Team Lead – Information Technology Division (Technical), subject to meeting the criteria mentioned in the TOR (Terms of Reference) as above and on submission of NOC to NHSRC from their controlling department.

**Age Limit:** 62 Years (As on the date of applying).

**Work Location**: New Delhi; Travel to States and Districts is involved.

**Remuneration:** A competitive remuneration package will be offered to the selected candidate, commensurate with qualifications and relevant experience. The compensation shall start from ₹3,00,000/- per month and may be fixed higher based on experience and suitability of the candidate.

Additional benefits include dedicated sedan car facility, free accidental insurance, subsidized medical insurance, mobile bill reimbursement, laptop reimbursement (as per NHSRC Policy), 30 days consolidated leave, fully paid maternity leave for female consultants as per Government of India policy, annual increments, TA/DA and per diem for official tours, as per applicable policy.

**Duration of Contract**: Initial Contract till 31st March 2028 (with further extension subject to satisfactory performance and extension of NHM).

**How to apply**: Candidates are requested to fill in the online application correctly whichis available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will beaccepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is 16th June 2026.

In case of any difficulty in filling in the on-line application form, you may contact Principal Administrative Officer, NHSRC at +91-011-26108982/83/84/92/93 between 09:00 am to 05:30 pm on all working days.

**संदर्भ की शर्तें**

**प्रधान टीम लीड**

**सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (तकनीकी) NHSRC**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य एक आत्मनिर्भर, सामुदायिक स्वामित्व आधारित एवं विकेन्द्रीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की स्थापना करना है। स्थापना के बाद से NHM के कार्यक्रमगत घटकों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं, ताकि सभी नागरिकों को समान, किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सार्वभौमिक उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके, जो जनसामान्य की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी एवं जवाबदेह हों।

NHSRC का कार्य आठ तकनीकी प्रभागों के माध्यम से संचालित किया जाता है, जिनमें सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन / स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना, स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण, नॉलेज मैनेजमेंट प्रभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन, गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग तथा IT प्रभाग शामिल हैं।

भारत सरकार की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत वर्ष 2018 में वर्तमान स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई थी। यह स्वास्थ्य सेवा प्रदाय की क्षेत्र-विशिष्ट एवं खंडित व्यवस्था से आगे बढ़कर व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आयुष्मान भारत का उद्देश्य प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्तर पर स्वास्थ्य के समग्र पहलुओं (जिसमें रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन एवं बाह्य रोगी देखभाल शामिल हैं) को ध्यान में रखते हुए परिवर्तनकारी हस्तक्षेप करना है।

आयुष्मान भारत के अंतर्गत लोगों के घरों के निकट व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एवं निरंतर देखभाल सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप-स्वास्थ्य केंद्रों सहित 1,50,000 स्वास्थ्य संस्थानों को आयुष्मान भारत – स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (AB-HWCs) के रूप में उन्नत किया जा रहा है।

आयुष्मान भारत के माध्यम से भारत सरकार ने 21वीं सदी की स्वास्थ्य प्रणाली की आधारशिला रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रारम्भ होने के साथ-साथ ऐसे व्यापक IT सिस्टम की आवश्यकता भी महसूस की गई है, जिसमें उपयुक्त आर्किटेक्चर एवं डेटा संरचनाएँ हों तथा जो पूरे भारत में उपयोग योग्य हों। वर्तमान में विभिन्न हितधारकों द्वारा बिना किसी मानकीकरण के अलग-अलग माध्यमों से डेटा संकलन किए जाने के कारण डिजिटल स्वास्थ्य परिसंपत्तियों के विखंडन का गंभीर जोखिम बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रमों को तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु सभी प्रभागों द्वारा अनेक IT आधारित पहलें भी संचालित की गई हैं।

NHSRC, प्रधान टीम लीड – सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (तकनीकी) के पद पर नियुक्ति करना चाहता है, जो IT प्रभाग का नेतृत्व करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा। यह पद कार्यकारी निदेशक, NHSRC के अधीन कार्य करेगा एवं संविदा के आधार पर होगा।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

1. सामुदायिक प्रक्रियाएँ, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, मेरा अस्पताल एप्लिकेशन, Gunak, NQAS, LaQshya प्रमाणन, HRIS, HRH, भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक, DVDMS, निःशुल्क औषधि पहल आदि तथा NHM अथवा NHSRC में प्रारम्भ किए जाने वाले अन्य सॉफ्टवेयर हेतु उपयुक्त IT समाधान के माध्यम से NHM पहलों की कार्यकुशलता को सुदृढ़ करना।
2. E-Supportive Supervision, GRS एवं हेल्थ हेल्पलाइन जैसी अल्प-विकसित एप्लिकेशनों को क्रियाशील बनाने की दिशा में कार्य करना।
3. विषय विशेषज्ञों एवं कार्यक्रम प्रभागों के सहयोग से NHM पहलों हेतु IT एप्लिकेशन एवं पोर्टलों की अतिरिक्त आवश्यकताओं के निर्धारण, विकास एवं रोल-आउट की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना।
4. विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यक्रम भागीदारों के साथ समन्वय स्थापित करना तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के विभिन्न कार्यक्रम प्रभागों के IT प्रोजेक्ट्स के साथ समन्वित रूप से कार्य करना।
5. स्वास्थ्य संस्थानों, सेवा प्रदाताओं एवं फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं हेतु कॉमन रजिस्ट्री के विकास में सहयोग प्रदान करना।
6. विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत वर्तमान एप्लिकेशनों की समीक्षा करना तथा NIC एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के MIS प्रभाग के सहयोग से एकीकृत प्रणाली एवं डेटा साझाकरण तंत्र विकसित करना।
7. राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के नीति-निर्माताओं एवं कार्यक्रम प्रबंधकों हेतु समयबद्ध एवं उपयोगी व्यापक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार करना।
8. योजना निर्माण, सेवा प्रदाय एवं रोग निगरानी हेतु डेटा के प्रभावी उपयोग के लिए उपयुक्त तंत्रों की अनुशंसा करना।
9. राज्यों को राज्य स्तरीय डेटा सेंटर की स्थापना में सहयोग प्रदान करना।
10. रणनीतियों का निर्माण, योजना तैयार करना तथा गुणवत्ता एवं प्रदर्शन मानकों के अनुरूप कार्य निष्पादन सुनिश्चित करना।

11. IT प्रभाग की टीम का प्रबंधन करना।
12. सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन हेतु संसाधनों एवं बजट का प्रबंधन करना।
13. हितधारकों का प्रबंधन, भागीदारों के साथ समन्वय, प्रतिवेदन एवं संचार संबंधी कार्य करना।
14. उपरोक्त कार्यों हेतु IT संसाधनों की पहचान एवं उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना।
15. आवश्यकतानुसार अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

**योग्यताएँ एवं अनुभव : (केवल नियमित पूर्णकालिक डिग्री मान्य होंगी)**

**अनिवार्य :**

सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर साइंस / इलेक्ट्रॉनिक्स में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (B.Tech) / सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी / बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (BCA) के साथ सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर साइंस / इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी / मास्टर ऑफ साइंस / मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (MCA) / सूचना प्रौद्योगिकी / सिस्टम्स में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) [02 वर्षीय पूर्णकालिक डिग्री] / पूर्णकालिक MBA [02 वर्षीय पूर्णकालिक डिग्री]।

अनुभव : सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, IT सिस्टम्स एवं नेटवर्किंग में न्यूनतम 15 वर्ष का उपरांत योग्यता कार्य अनुभव।

**वांछनीय :**

(i) हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स में पूर्व अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

(ii) सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजनाओं में पूर्व अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

(iii) 50 अथवा उससे अधिक सदस्यों वाली टीमों के प्रबंधन का 10 वर्ष से अधिक का अनुभव।

(iv) सॉफ्टवेयर उत्पादों के विकास एवं बड़े स्तर की परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के नेतृत्व का प्रमाणित अनुभव।

**प्रतिनियुक्ति :**

प्रतिनियुक्ति पर आने के इच्छुक सरकारी अधिकारी भी प्रधान टीम लीड – सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (तकनीकी) के पद हेतु आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे उपर्युक्त संदर्भ की शर्तों (TOR) में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों तथा अपने नियंत्रक विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) प्राप्त कर NHSRC को प्रस्तुत करें।

**आयु-सीमा :** आवेदन की तिथि के अनुसार अधिकतम 62 वर्ष।

**कार्य-स्थल :** नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक :** चयनित अभ्यर्थी को उनकी योग्यता एवं प्रासंगिक अनुभव के अनुरूप प्रतिस्पर्धी पारिश्रमिक पैकेज प्रदान किया जाएगा। पारिश्रमिक ₹3,00,000/- प्रति माह से प्रारम्भ होगा तथा अभ्यर्थी के अनुभव एवं उपयुक्तता के आधार पर इससे अधिक भी निर्धारित किया जा सकता है।

अतिरिक्त लाभों में समर्पित सेडान कार सुविधा, निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, वार्षिक वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :** प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन एवं NHM की अवधि बढ़ाए जाने की स्थिति में आगे बढ़ाया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 16 June 2026 होगी।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर अभ्यर्थी कार्य दिवसों में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:30 बजे के बीच NHSRC के प्रधान प्रशासनिक अधिकारी से +91-011-26108982/83/84/92/93 पर संपर्क कर सकते हैं।